तापमान

| | | |
|---|---|---|
| भोपाल | 38.9° | 24.2° |
| इंदौर | 38.4° | 21.8° |
| जबलपुर | 38.8° | 24.0° |
| ग्वालियर | 39.5° | 22.6° |

दैनिक नईदुनिया


भोपाल एवं सागर से एकसाथ प्रकाशित

वर्ष- 77
(भोपाल : वर्ष 39 अंक 146,पृष्ठ 12)
गुरुवार 25 अप्रैल 2024
राजधानी संस्करण
कीमतः 3:00 रुपये


राजधानी... कांग्रेस गरीबों, दलितों आदिवासियों...


खेल... सूर्या आईसीसी टी-20 बल्लेबाज रैंकिंग में शीर्ष...


व्यापार... जल्द लॉन्च होने वाली है महिंद्रा की एक्सयूवी...


देश-विदेश... पहली बार अपने आधिकारिक दौरे पर...

www.naiduniaonline.com

# मोदी के स्वागत के लिए उमड़ा जनसैलाब, भगवामय हुईं सड़कें



भोपाल (काप्र)।

**प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने बुधवार की शाम भोपाल में भाजपा प्रत्याशी आलोक शर्मा के समर्थन में रोड शो किया। प्रधानमंत्री श्री मोदी ने मालवीय नगर स्थित तिराहे से खुले रथ पर सवार होकर मेजर नानके पेट्रोल पंप तिराहा तक जनता का अभिवादन किया और पार्टी प्रत्याशी के लिए आशीर्वाद मांगा। रोड शो रोशनपुरा चौराहे से होते हुए मेजर नानके पेट्रोल पंप तिराहे तक पहुंचा।**

प्रधानमंत्री के रोड शो के दौरान यात्रा मार्ग की दोनों तरफ की सड़कें भगवामय हो गयी। महिलाएं जहां गले में भगवा दुपट्टा डालकर प्रधानमंत्री का स्वागत कर रही थीं, तो जोशीले युवाओं के समूह केसरिया पगड़ी में अपने प्रिय नेता का स्वागत करने आए थे। कुछ महिलाओं ने सड़क के किनारे से ही श्री मोदी की आरती भी की। हाथों में कमल का प्रतीक थामे प्रधानमंत्री ने उनका अभिवादन किया। आम जनता ने सड़क के दोनों ओर खड़े होकर पुष्पवर्षा कर मोदी-मोदी के गगनभेदी नारों के साथ प्रधानमंत्री जी का स्वागत किया। श्री मोदी जी के रोड शो के दौरान उनका स्वागत करने समूचा भोपाल उमड़ पड़ा। समाज के हर वर्ग के पुरुष, महिलाएं, युवा, बच्चे और बुजुर्ग प्रधानमंत्री के स्वागत के लिए मौजूद रहे। यात्रा मार्ग में संत समाज ने मंच से प्रधानमंत्री का स्वागत किया। सड़क के दोनों ओर गुजराती समाज, यादव समाज, कलार समाज, मराठी समाज, नेमा समाज, कुम्हार समाज, रजक समाज, वाल्मीकि समाज, जीनगर समाज, अहिरवार समाज सहित अन्य समाजों ने श्री मोदी के स्वागत में बैनर लगाए थे। वहीं, साहित्यकार मंच, बरखेड़ा व्यापरी संघ, बाबा बटेश्वर भक्त मंडल जैसे अनेक संगठनों ने भी अलग-अलग तरीकों से प्रधानमंत्री का स्वागत किया।

रोड शो के लिए श्री मोदी विशेष रूप से फूलों से सजाए गए रथ पर सवार होकर निकले। रथ पर उनके साथ मुख्यमंत्री डॉ. मोहन यादव, भाजपा के प्रदेश अध्यक्ष विष्णुदत्त शर्मा एवं भाजपा प्रत्याशी आलोक शर्मा भी सवार थे और जनता का अभिवादन कर रहे थे। यात्रा में लोकनृत्यों की प्रस्तुति देकर कलाकारों ने पारंपरिक वेशभूषा में प्रधानमंत्री का स्वागत किया। इस दौरान ढोल नगाड़े, बैंड, सहित अन्य वाद्ययंत्रों के माध्यम से कलाकारों ने अपनी प्रस्तुतियां दी। रोड शो के दौरान लेजर शो की प्रस्तुति भी दी गई। रोड शो के अंतिम चरण में प्रधानमंत्री एवं पार्टी नेताओं ने नानके पेट्रोल पंप के सामने शहीद चंद्रशेखर आजाद की प्रतिमा पर माल्यार्पण किया।

### मध्यप्रदेश में प्रधानमंत्री ने कांग्रेस पर साधा निशाना

## विरासत पर टैक्स लगाने की कांग्रेस की इच्छा बहुत पुरानी है : मोदी

वहीं, प्रधानमंत्री मोदी ने बुधवार को सागर और बैतूल में दो विशाल जनसभाओं को संबोधित किया और प्रदेश की जनता से अपील की कि इस बार मध्य प्रदेश की हर सीट पर भारी बहुमत से इस बार कमल खिलना चाहिए। इन महारैलियों में मध्यप्रदेश मुख्यमंत्री मोहन यादव, उपमुख्यमंत्री राजेन्द्र शुक्ल, वरिष्ठ नेता नरोत्तम मिश्रा, विदिशा लोकसभा प्रत्याशी शिवराज सिंह चौहान, बेतुल-हरदा प्रत्याशी दुर्गादास उईके और सागर लोकसभा प्रत्याशी श्रीमती लता वानखेड़े अन्य नेतागण मंच पर उपस्थित रहे।

प्रधानमंत्री ने कहा कि आज सागर और बैतूल की धरती पर जनसागर उमड़ पड़ा है। पूरे मध्यप्रदेश ने फिर एक बार मोदी सरकार का मन बना दिया है। मुझे मध्यप्रदेश की जनता का आशीर्वाद चाहिए, यही मेरी सबसे बड़ी पूंजी है। जनता भगवान का रूप है और जब जनता आशीर्वाद देती है तो आशीर्वाद स्वयं भगवान का आशीर्वाद होता है। इन दिनों आशीर्वाद देने का एकमात्र तरीका कमल के निशान पर बटन दबाना है। देश के विकास के लिए एक स्थिर सरकार की कितनी आवश्यकता होती है, यह मध्यप्रदेश के लोग भली-भांति जानते हैं। सही नीति और सही विजन के साथ ही विकास संभव है। इसलिए, देश में विकास तब हुआ, जब कांग्रेस सत्ता से बाहर गई, और भाजपा ने सरकार बनाई। कांग्रेस शासन में मध्यप्रदेश बीमारू राज्य के रूप में जाना जाता था, मगर भाजपा सरकार में वहीं मध्य प्रदेश विकास की ऊंचाईयों को छू रहा है। मध्य प्रदेश में केन-बेतवा लिंक परियोजना का ऐतिहासिक कार्य शुरू हो गया है और सिंचाई के लिए बंडा-बृह सिंचाई परियोजना के काम को भी भाजपा सरकार ने गति प्रदान की है। मध्य प्रदेश में हाईवे का जाल बिछाया गया है, नर्मदा प्रगति पथ, विंध्य प्रगति पथ, मालवा-निमार प्रगति पथ, मध्य भारत प्रगति पथ, बुंदेलखंड प्रगति पथ और अटल प्रगति पथ जैसे एक्स्प्रेस-वे, मध्यप्रदेश की पहचान बने हैं। केंद्र की भाजपा सरकार ने मध्यप्रदेश को 350 से ज्यादा रेल परियोजनाओं की सौगात भी दी है। सागर में अस्पताल और मेडिकल कॉलेज का निर्माण भी किया गया है। 50 हजार करोड़ की लागत से बीन रिफाइनरी में, पेट्रो-केमिकल कॉम्प्लेक्स का कार्य भी शुरू किया गया है। भाजपा सरकार ने मध्यप्रदेश में इंफ्रास्ट्रक्चर, शिक्षा, स्वास्थ्य और सुरक्षा की दिशाओं में कार्य किया है। उद्योग को बढ़ावा देने की दिशा में राज्य के मुख्यमंत्री मोहन यादव निरंतर कार्य कर रहे हैं। श्री मोदी ने कांग्रेस पर हमला करते हुए कहा कि विरासत पर टैक्स लगाना उसकी इच्छा बहुत पुरानी है।

श्री मोदी ने कहा कि देश की जनता के वोट ने विदेश में भारत का डंका बजा दिया, देश के दुश्मनों के होश को ठिकाने लगा दिया और 500 वर्षों बाद राम लला को भव्य राम मंदिर में विराजमान करवाया। पिछले 10 वर्षों में किए गए कार्य मात्र ट्रेलर हैं, अभी तो मुझे देश को बहुत आगे लेकर जाना है। आदिवासी क्रांतिकारी सरदार गंजन सिंह कोरकू और सरदार विष्णु सिंह गौण के योगदान को नहीं भुलाया जा सकता है। भाजपा सरकार ने भगवान बिरसा मुंडा की जयंती को राष्ट्रीय जनजाति गौरव दिवस घोषित किया और लाखों आदिवासियों को वन अधिकार का पटका दिया। पिछले 10 वर्षों में किए गए कल्याण कार्यों ने आदिवासी महिलाओं के जीवन को सुगम बनाने का काम किया है। मोदी सरकार ने बैतूल समेत समूचे मध्य प्रदेश के किसानों के लिए बहुत से कल्याणकारी कार्यों को पूर्ण किया हैं। दूसरी ओर तेलंगाना के कांग्रेस मुख्यमंत्री रेवंत रेड्डी एक विशेष समुदाय को आरक्षण देने की बात कह रहे हैं। श्री मोदी ने कहा कि आज कांग्रेस की ऐसी सच्चाई सामने आई है, जिसे सुनकर हर देशवासी सन्न (शेष पेज 2 पर)

## खास-खबरें

### यवतमाल में भाषण देते मंच पर अचानक बेहोश हुए गडकरी

**नागपुर (एजेंसी)।** केंद्रीय मंत्री नितिन गडकरी मंगलवार दोपहर महाराष्ट्र के यवतमाल में एक चुनावी रैली में बोलते समय बेहोश हो गए। रतीय जनता पार्टी के वरिष्ठ नेता को तुरंत उपचार मिला और वह थोड़े समय के अंतराल के बाद मंच पर वापस आने और अपना भाषण जारी रखने में सक्षम हुए। अपना भाषण पूरा करने के तुरंत बाद गडकरी ने एक्स पर पोस्ट करते हुए कहा कि पुसद, महाराष्ट्र में रैली के दौरान गर्मी की वजह से असहज महसूस किया। लेकिन अब पूरी तरह से स्वस्थ हूँ और अगली सभा में सम्मिलित होने के लिए वरूड के लिए निकल रहा हूँ। आपके स्नेह और शुभकामनाओं के लिए धन्यवाद। घटना का वीडियो एक्स पर लाइव स्ट्रीम हो गया था।

### हेमंत सोरेन ने खटखटाया सुप्रीम कोर्ट का दरवाजा

**नई दिल्ली।** झारखंड में कथित भूमि घोटाले से संबंधित धन शोधन के एक मामले में ईडी की ओर से गिरफ्तारी के बाद करीब तीन माह से न्यायिक हिरासत में जेल में बंद पूर्व मुख्यमंत्री हेमंत सोरेन ने अपनी गिरफ्तारी को चुनौती देने वाली याचिका पर उच्च न्यायालय के आदेश पारित करने में देरी का हवाला देते हुए उच्चतम न्यायालय का दरवाजा खटखटाया है। न्यायमूर्ति संजीव खन्ना की अध्यक्षता वाली पीठ के समक्ष वरिष्ठ अधिवक्ता कपिल सिब्बल ने झारखंड मुक्ति मोर्चा ने हेमंत सोरेन का पक्ष रखते हुए उनकी अनुच्छेद 32 के तहत दायर याचिका पर शीघ्र सुनवाई का अनुरोध किया।

### माशिम ने जारी किया बोर्ड परीक्षा परिणाम

## दसवीं में 58.10, बारहवीं में 64.49 फीसदी पास

**भोपाल (काप्र)। मध्य प्रदेश माध्यमिक शिक्षा मंडल माशिम ने कक्षा दसवीं और बारहवीं का बोर्ड परीक्षा परिणाम जारी कर दिया है। स्कूल शिक्षा विभाग की प्रमुख सचिव रश्मि अरुण शमी और एमपी बोर्ड के सचिव केडी त्रिपाठी ने दोनों कक्षाओं के परीक्षा परिणाम को एक साथ जारी किया।**



कक्षा दसवीं का परीक्षा परिणाम 58.10 तो वही 12वीं का परीक्षा परिणाम 64.49 प्रतिशत रहा पिछले साल के मुकाबले जहां हाई स्कूल का परीक्षा परिणाम में गिरावट दर्ज की गई तो वही हाई सेकेंडरी के परीक्षा परिणाम में सुधार देखने को मिला है।

दसवीं कक्षा में 58.10 प्रतिशत छात्र ही पास हो पाए हैं। दसवीं की परीक्षा में करीब 42 प्रतिशत विद्यार्थी फेल हो गए हैं। गौरतलाप है कि 2023 की बोर्ड परीक्षा में दसवीं का रिजल्ट 63 प्रतिशत था जो इस बार घटते हुए 58.10 प्रतिशत पर ही रह गया। वही 2023 की तुलना में 12 वी के रिजल्ट में इस वर्ष में सुधार हुआ है 2023 में 12वीं में रिजल्ट 58 प्रतिशत आया था जो अब 64.49 प्रतिशत दर्ज हुआ है। दोनों ही कक्षाओं में बड़े शहरों की अपेक्षा छोटे शहरों के बच्चों ने बाजी मारी है पूरे रिजल्ट में छात्राओं का दबदबा देखने को मिला है। परिणाम में मंडला की अनुष्का अग्रवाल ने 10वीं में टॉप किया है। अनुष्का को 495 अंक मिले (शेष पेज 2 पर)

### दिग्गज कंपनी जेपी मॉर्गन के सीईओ ने जमकर की प्रधानमंत्री की तारीफ, कहा-

## अमेरिका में मोदी जैसे नेता की सख्त जरूरत

**नई दिल्ली (एजेंसी)। प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी की लोकप्रियता पूरी दुनिया में किस कदर बढ़ती जा रही है, इसका अंदाजा इसी बात से लगाया जा सकता है कि लोग कहने लगे हैं कि उनके जैसे नेता की अमेरिका में भी जरूरत है।**

जी हां, दुनिया की दिग्गज कंपनी जेपी मॉर्गन चेज एंड कंपनी के सीईओ जेमी डिमन ने भारत के प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी की जमकर तारीफ की है। उन्होंने पीएम मोदी की तारीफ करते हुए कहा कि भारत के लिए उन्होंने अविश्वसनीय काम किया है। जेपी मॉर्गन चीफ जेमी डिमन ने कहा कि वह तमाम चुनौतियों का डटकर सामना कर रहे हैं। साथ ही उन्होंने इशारों में यह भी कहा कि अमेरिका में भी ऐसे नेता की सख्त जरूरत है। जो सभी चुनौतियों का डटकर सामना कर सके। जेपी डिमन ने कहा कि पीएम मोदी ने अपने प्रयासों से 400 मिलियन लोगों को गरीबी से बाहर निकाला है। वह एक कार्यक्रम में अपने विचार रख रहे थे। उन्होंने इसके साथ ही यह भी उम्मीद भी जता दी कि इस गर्मी में पीएम मोदी तीसरी बार सत्ता में लौटने वाले हैं। जेपी डिमन ने पीएम मोदी शासन के द्वारा हाल के दिनों में भारत में किए गए सुधारों की जमकर प्रशंसा की। उन्होंने कहा कि भारत में 700 मिलियन लोगों का बैंक अकाउंट है और उनका पेमेंट सीधे उनके खाते में ट्रांसफर हो रहा है। भारत में अविश्वनीय शिक्षा पद्धति और इंस्फ्रास्ट्रक्टर (शेष पेज 2 पर)

## लोकसभा चुनाव के दूसरे चरण का प्रचार थमा, कल 88 सीटों पर होगी वोटिंग

**नई दिल्ली (एजेंसी)। लोकसभा चुनाव के दूसरे चरण का प्रचार अभियान बुधवार शाम थम गया। इस चरण में 12 राज्यों और केंद्र शासित प्रदेशों की 88 सीटों पर शुक्रवार को मतदान होगा।**

निर्वाचन आयोग के पूर्व निर्धारित कार्यक्रम के अनुसार दूसरे चरण में मध्य प्रदेश की बैतूल सीट पर भी चुनाव होना था, लेकिन बहुजन समाज पार्टी (बसपा) उम्मीदवार के निधन के बाद अब इस सीट पर चुनाव सात मई को तीसरे चरण में होगा। इन सीटों पर कुल 1206 प्रत्याशी चुनावी मैदान में भाग्य आजमा रहे हैं। इस चरण में केरल की 20, कर्नाटक की 14, राजस्थान की 13, महाराष्ट्र और उत्तर प्रदेश की आठ- आठ , मध्य प्रदेश की छह, असम और बिहार की पांच-पांच, छत्तीसगढ़ और पश्चिम बंगाल की तीन-तीन और जम्मू-कश्मीर, मणिपुर तथा त्रिपुरा की एक-एक सीट पर मतदान होगा। मत सुबह सात बजे से शाम छह बजे तक डाले जायेंगे और मतगणना चार जून को होगी। निर्वाचन आयोग के अनुसार इस चरण के लिये 89 सामान्य पर्यवेक्षक, 53 पुलिस पर्यवेक्षक और 109 व्यय पर्यवेक्षक तैनात किये गये हैं।

दूसरे चरण की हाई प्रोफाइल सीटों में जहां वायनाड से कांग्रेस नेता राहुल गांधी की अग्नि परीक्षा होगी, वहीं तीन केंद्रीय मंत्री और दो पूर्व मुख्यमंत्रियों की प्रतिष्ठा भी दांव पर लगी (शेष पेज 2 पर)

## उद्धव नकली शिवसेना अध्यक्ष, सोनिया के डर से प्राण प्रतिष्ठा में भी शामिल नहीं हुए:शाह

**अमरावती (एजेंसी)। अमरावती में एक सार्वजनिक बैठक में केंद्रीय गृह मंत्री अमित शाह ने कहा कि उद्धव ठाकरे, जो खुद को शिव सेना का अध्यक्ष होने का दावा करते हैं, शिव सेना का यह फर्जी अध्यक्ष सोनिया गांधी के डर से प्राण प्रतिष्ठा में भी शामिल नहीं हुए।**

राहुल बाबा को भी निमंत्रण मिला, लेकिन वे प्राण प्रतिष्ठा में शामिल नहीं हुए। इन लोगों ने प्राण प्रतिष्ठा में शामिल न होकर भगवान राम का अपमान किया है। शरद पवार को भी निमंत्रण दिया। उन्होंने कहा कि तबीयत खराब है। अभी चुनाव में कैसे घूम रहे हैं।



शाह ने कहा कि राहुल गांधी कहते थे कि अनुच्छेद-370 हटी, तो देश में खून की नदियां बह जाएंगी। 5 साल हो गए खून की नदियां तो छोड़ों आज तक किसी की एक कंकड़ तक चलाने की हिम्मत नहीं हुई। पीएम मोदी ने अनुच्छेद-370 हटाकर इस देश से आतंकवाद को समाप्त कर कश्मीर को हमेशा के लिए भारत का बनाने काम किया है। कांग्रेस पार्टी अफवाह फैला रही है कि अगर भाजपा को 400 सीटें मिल गईं तो आरक्षण चला जाएगा। लेकिन मैं आपको स्पष्ट बता देता हूं कि भाजपा न आरक्षण को जाने देगी और न ही हटाएगी।

## अंबानी-अडानी के लिए जी रहे मोदी और शाह, देश के लिए नहीं: खड़गे




**कलबुर्गी (एजेंसी)।** कांग्रेस अध्यक्ष मल्लिकार्जुन खड़गे ने आज प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी और गृह मंत्री अमित शाह पर दशकों पहले स्थापित राज्य के स्वामित्व वाले कारखानों को अंबानी और अडानी को बेचने का आरोप लगाया। वे अडानी-अंबानी के लिए जी रहे हैं।

उन्होंने मोदी को गांधी परिवार को दोष देने के बजाय उनसे लूटा गया धन वापस लेने की भी चुनौती दी। उन्होंने कहा कि 1989 के बाद से गांधी परिवार का कोई भी सदस्य प्रधान मंत्री, मुख्यमंत्री या कोई मंत्री नहीं रहा है। उन्होंने चुनौती देते हुए कहा कि मोदी कहते हैं कि गांधी परिवार ने देश को लूटा। आप प्रधानमंत्री हैं, लूटा हुआ पैसा बरामद करें।

**स्पेशल खबर** *सुप्रीम कोर्ट ने वीवीपैट पर सुनवाई के बाद फैसला रखा सुरक्षित, कहा...*

## चुनाव आयोग को कंट्रोल नहीं कर सकते

**नई दिल्ली (एजेंसी)।** सुप्रीम कोर्ट ने वीवीपैट को लेकर बुधवार को हुई सुनवाई के बाद अपना फैसला सुरक्षित रख लिया है. कोर्ट ने मामले की सुनवाई के दौरान कहा कि हम संदेह के आधार पर आदेश जारी नहीं कर सकते हैं. अदालत चुनाव की नियंत्रण अथॉरिटी नहीं है. आपको बता दें कि अदालत ने ईवीएम के मुद्दे पर दो दखल दिया है. कोर्ट ने सुनवाई के दौरान कहा कि हमारे कुछ सवाल थे। जिनके जवाब दे दिए गए हैं। अभी हमने फैसला सुरक्षित रखा है। कोर्ट ने वीवीपैट को लेकर कहा कि अभी तक गड़बड़ी की एक भी रिपोर्ट सामने नहीं आई है. हम साथ में ये भी देख रहे हैं कि क्या ज्यादा वीवीपैट के मिलान का आदेश दिया जा सकता है। सुनवाई के दौरान जस्टिस दीपांकर दत्ता ने प्रशांत भूषण से कहा कि क्या हम संदेह के आधार पर कोई आदेश जारी कर सकते हैं? जिस रिपोर्ट पर आप भरोसा कर रहे हैं, उसमें कहा गया है कि अभी तक हैकिंग की कोई घटना नहीं हुई है। हम किसी दूसरे संवैधानिक अथॉरिटी को नियंत्रित नहीं करते है। हम चुनावों को नियंत्रित नहीं कर सकते। सुप्रीम कोर्ट के फैसले में वीवीपैट की बात कही गई थी और उसका पालन किया गया लेकिन इसमें कहां कहा गया है कि सभी पर्चियों का मिलान करें। इसमें 5 प्रतिशत लिखा है, अब देखते हैं कि क्या इन 5 प्रतिशत के अलावा कोई उम्मीदवार कहता है कि दुरुपयोग के मामले आए हैं। कोर्ट ने आगे कहा कि अगर कुछ सुधार की जरूरत है तो सुधार करेंगे।



## कांग्रेस शासित राज्यों में बेटियों से दरिंदगी पर चुप क्यों है कांग्रेस :अनुराग



**हैदराबाद।** केंद्रीय सूचना एवं प्रसारण मंत्री अनुराग सिंह ठाकुर ने हैदराबाद में पार्टी प्रत्याशी श्रीमती माधवी लता के विशाल रोड शो में हिस्सा लिया व पार्टी कार्यालय पर प्रेस कांफ्रेंस को संबोधित किया। अनुराग ठाकुर ने कहा कि आज कांग्रेस की बुरी नज़र जनता की संपत्ति पर पड़ चुकी है। संपत्ति, संतान, सीमा और सनातन को कांग्रेस से सीधा ख़तरा है। उन्होंने कहा कि कांग्रेस शासित राज्यों में बेटियों से दरिंदगी पर चुप क्यों है कांग्रेस ये लोग आपकी मृत्यु के बाद भी अपना वसूली टैक्स जारी रखना चाहते हैं।